# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
स्पीड पोस्ट

**MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY**

राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर-334004 (राजस्थान) भारत
NH 15, Jaisalmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA
दूरभाष/Phone: 0151-2210076 फैक्स/Fax: 2212042 ई-मेल/E-mail: academic@mgsubikaner.ac.in


क्रमांक : एफ.07() मगंसिंविबी / शैक्ष.–1 / 2025 / 15417 दिनांक : 20.12.25

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

**विषयः सत्र 2026–27 का सम्बद्धता शुल्क जमा करवाने बाबत।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार (बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़ श्रीगंगानगर) के ऐसे समस्त सोसायटी / ट्रस्ट जो कि सत्र 2026–27 से नया महाविद्यालय / संस्थान संचालित करना चाहते है अथवा पूर्व से संचालित राजकीय / निजी महाविद्यालय / संस्थान जो नया विषय / पाठ्यक्रम संचालित करना चाहते है अथवा सत्र 2026–27 की स्थाई / अस्थाई सम्बद्धता प्राप्त करना चाहते है, वे निर्धारित प्रारूप विश्वविद्यालय से प्राप्त कर पाठ्यक्रम एवं विषयों मय सीटों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए सामान्य सम्बद्धता शुल्क के साथ 31 दिसम्बर, 2025 तक आवेदन करना सुनिश्चित करें। 31 दिसम्बर 2025 के बाद सम्बद्धता शुल्क जमा करवाने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा नियमानुसार विलम्ब शुल्क देय होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgsubikaner.ac.in पर उपलब्ध लिंक https://affiliation.univindia.net के माध्यम से विश्वविद्यालय कोष में सम्बद्धता शुल्क जमा करवाना सुनिश्चित करावें। ऑनलाइन जमा कराये गये सम्बद्धता शुल्क का विवरण मय हार्डकॉपी शैक्षणिक अनुभाग–प्रथम को एवं साथ ही सॉफ्ट कॉपी अनुभाग की ई–मेल आई डी academic@mgsubikaner.ac.in पर भी अनिवार्य रूप से प्रेषित करावे एवं अधिक जानकारी के लिये समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

20/12/25
कुलसचिव

क्रमांक : एफ.07() मगंसिंविबी / शैक्ष.–1 / 2025 / दिनांक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–.

1. निजी सचिव–कुलगुरू, महाराजा गंगासिह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. निजी सहायक–कुलसचिव, महाराजा गंगासिह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. **नोडल अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को प्रेषित कर लेख है कि सम्बद्धता शुल्क भरवाने हेतु उपर्युक्त उल्लेखित लिंक (https://affiliation.univindia.net) को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर लिंक्ड एवं प्रदर्शित करवाये।**
4. माइक्रोनिक इन्फोटेक सर्विस प्रा.लि., 444 / 10, ऑपोजिट कमला नेहरू, टी.बी. हॉस्पिटल, जयपुर रोड़, अजमेर–305001
5. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव (शैक्ष.–1)